(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठता।

"तावा, नर्मदा और शारदा नदियों के रिसाव से प्रभावित क्षेत्र

2109 श्री रघुनाथ सिंह वर्मा :
श्री राम किंकर :

(क) क्या सरकार ने मध्य प्रदेश में "तावा" और नर्मदा नदियों और उत्तर प्रदेश में शारदा और उसकी सहायक नदियों के रिसाव से प्रभावित हो रहे क्षेत्रों के बचाव के लिए कोई ठोस कार्यवाही की है;

(ख) यदि हां, तो पिछले चार वर्षों में वर्षवार इस पर कितना खर्च आया है; और

(ग) क्या रिसाव की समस्या को पूरे तौर पर दूर करना संभव है और यदि नहीं तो निकट भविष्य में सरकार किन उपायों को अपनाने पर विचार कर रही है और उसका ब्यौरा क्या है ?

**सिंचाई मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री हरिनाथ मिश्र)** : (क) और (ख) माननीय सदस्य संभवत: मध्य प्रदेश की नर्मदा बेसिन में तवा परियोजना और उत्तर प्रदेश की शारदा सहायक के कमानगत क्षेत्रों में जल-रिसन की समस्या का उल्लेख कर रहे हैं। तवा के कमानगत क्षेत्र में जल-रिसन समस्या को हल करने के वास्ते हाथ में लिए गए उपचारी उपायों में प्रभावित क्षेत्रों में वितरण प्रणाली को पक्का करना, प्रतिलोमित एवं पम्पिंग कुओं की खुदाई करना, प्रयोगात्मक आधार पर धान की खेती करना प्रभावित क्षेत्रों में नहर के जल को आंशिक रूप से रोकना और उसके स्थान पर भूमिगत जल का पता लगाने के काम को तेज करना तथा जल-निकास नालों से घास-पात की सफाई करना एवं इन नालों का पुन: परिछेदन करना सम्मिलित है।

शारदा सहायता कमानगत क्षेत्र में इस समस्या से राहत पाने हेतु जल-निकास नालों के निर्माण को हाथ में लिया गया है। आगे के कार्यक्रम में अन्त: सम्पर्क ड्रेनों के साथ-साथ भूतल ड्रेनों का निर्माण करना, घास-पात की सफाई करना, चैनलों के चलाने में सूची (रोस्टरिंग) प्रणाली लागू करना और पोषक चैनलों को पक्का करना शामिल है। इसके अतिरिक्त, शारदा सहायक कमानगत क्षेत्र में जल-जमाव वाले क्षेत्रों का पता लगाने तथा उपचारी उपायों का सुझाव देने हेतु अध्यक्ष, केन्द्रीय भूमिगत जल बोर्ड की अध्यक्षता में एक कार्यकारी दल का गठन किया जा चुका है।

जल-जमाव-रोधी उपायों पर हुए व्यय से संबंधित सूचना केन्द्र में नहीं रखी जाती है।

(ग) सिंचाई परियोजनाओं में जल-रिसन होना एक प्राकृतिक घटना है। इस समस्या को हल करने और जल-रिसन हानियों को न्यूनतम करने के लिए निवारक सुधारक उपायों को कार्यान्वित किया जाता है।

**Central Assistance for Coastal Plantation**

2110. SHRI NITYANANDA MISRA : Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state :

(a) whether Government have introduced any scheme under which concerned State Government have been financed for lauching coastal plantation ?